Punjab Kesari (23.04.2016)

वाईएमसीए में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ते खिलाड़ी। (संदीप)

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 23 April 2016 epaper.punjabkesari.in/c/9858475

वाईएमसीए में प्रतियोगिता के पहले दिन एथलेटिक्स मुकाबले आयोजित

फरीदाबाद, 22 अप्रैल (सूरजमल) : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आज प्रारंभ हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुल सचिव डा. संजय कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर डा. शर्मा ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान होता है और प्रत्येक विद्यार्थी को किसी न किसी खेल में अवश्य हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए खेल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो एस के अग्रवाल तथा खेल अधिकारी डॉ भास्कर नागर भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के पहले दिन एथलेटिक्स के मुकाबले आयोजित हुए। लड़कियों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में कृष्णा विजेता रही। दूसरा स्थान आशा और तीसरा संध्या का रहा।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 23 April 2016 epaper.punjabkesari.in/c/9858490

Dainik Jagran (23.04.2016)

वाइएमसीए में शुरू हुई खेलकूद प्रतियोगिता

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार से खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभांरभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय कुमार ने किया। पहले दिन एथलेटिक्स के मुकाबले हुए। लड़कियों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में कृष्णा विजेता रही। दूसरा स्थान आशा और तीसरा संध्या का रहा। लड़कों की 200 मीटर दौड़ अमन और दूसरा व तीसरे स्थान पर प्रवीण एवं गुरमीत रहे।

इसके अलावा शिक्षक और गैरशिक्षक स्टाफ के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। दस-दस ओवरों के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए शिक्षकों की टीम ने चार विकेट खोकर 104 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। शिक्षक टीम के लिए सुनील जाधव ने सर्वाधिक 56 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी में गैर शिक्षक स्टाफ टीम से प्रमोद कुमार ने 15 रन देकर दो विकेट व अश्वनी मनचंदा ने 16 रन देकर दो विकेट ली। जवाब में गैर शिक्षकों की टीम ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सतबीर ने सर्वाधिक 46 व प्रमोद ने 28 रनों की उपयोगी पारी खेली।